षटऋतुकाव्यसंग्रह

---*---

अर्थात्–जिसमें

वसन्त, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमन्त, शिशिरछओंऋतुओंके कवित्त व सवैया ऐसे २ अत्युत्तम लहलहे रँगीले परमचुहचुहे रसीले, अपने रसिकमित्रों व रंगीन तबीयतवाले महाशयों के चित्तविनोदार्थ बड़ेपरिश्रमसे छांट२कर लिखेगयेहैं जिस के अवलोकनसे सुजनों के चित्त महा आनन्द को प्राप्त होजाते हैं

उसको

मुझ आपलोगों के चरणसेवक कृपाभिलाषी हफ़ीज़ुल्लाहख़ां सांड़ी निवासी सेकण्डमास्टर सन्दीला स्कूल ज़िला हरदोई मुल्क अवध साबिक़ अफ़्सर मुदर्रिस मदरसा बन्नापुर ने संग्रह कर निर्मित किया

---*---

लखनऊ

मुंशी नवलकिशोर (सी, आई, ई) के छापेख़ाने में छपा

सितम्बर सन् १८८९ ई० ॥

प्रथम बार तादाद १५००

षटऋतुकाव्यसंग्रह का

सूचीपत्र

इति ॥

षटऋतुकाव्यसंग्रह

भूमिका

दोहा ॥

वन्दौंराधारमणपद कोटिकामकमनीय।
गोपसुताकेप्राणधन रसिकरासरमनीय ॥

प्रथम उस करुणा वरुणालय परब्रह्म परमात्मा सर्व्वलोकेश्वर जगदाधार प्रभुको साष्टांग दण्डवत्कर, उसके भेजेहुये नानाप्रकारके अवतारोंको नमस्यजान विशेष उसअपने परमप्रिय इष्टदेव कृपासिन्धु दीनबन्धु रसिकशिरोमणि श्रीकृष्णचन्द्र आनन्दकन्द व श्रीलाड़िलीब्रजेश्वरी वृषभानुनन्दनी राधिकाजीमहारानी जगन्माताको सच्चे दीनानाथ पतितपावन दुःखनिवारणसमर्थ प्रणामकर, सर्व्वपूज्य देवताओं महाशय ऋषियों मान्यवर मुनियोंके आगे शिरझुका अपने कृपासागर महाउजागर यशस्वी गुणखानि परोपकारी दयानिधान सर्व्व महात्मा सुजनों निपट प्रवीण परमसुजान महाशयोंकी सेवा में परम आधीनतासे करजोरि सविनय क्षमामाँगि यह दीन कुछ अपने समाचार कहा चाहता है अर्थात् मुझ महादीन परमआधीन चरणसेवक शुभचिन्तक कृपाकांक्षीका लघुनाम हफ़ीज़ुल्लाहखां पिताका नाम मोहम्मदबाज़खां पितामहका नाम मोहम्मदबशारतखां क़ौम अफ़ग़ान काकरज़यी क़स्बा सांडी महल्ला ऊंचाटीला ज़िला हरदोई मुल्के अवध निकट दरियाय गर्रा का निवासी हूं सन् १८५७ ई० में मेराजन्म हुआ ५ वर्ष की अवस्था से फ़ारसीपढ़ना आरम्भ किया तदनन्तर सर्कारी पाठशाला में शिक्षापातारहा सन् १८७५ ई०

में नौकरहोकर बन्नापुर परगना बंगरके सर्कारी पाठशाले में भेजागया जोकि बहुत बड़ा एक प्रसिद्धग्राम है यहां ११ वर्ष पर्य्यन्त रहनाहुआ श्रीठाकुर मेहरवानसिंह साहब नम्बरदार और उनके छोटे भाई नरपतिसिंह के सत्संग में यह इतने दिवस बड़े सुख व चैन से कटे काव्य देखने सुनने की अभिलाष यहींसे बढ़ी इन्हीं मित्रों के साथ तीर्थस्नान और सुजन महात्मा पुरुषों के दर्शनों के अवसर भी बहुप्रकार लगतेरहे बहुधा गंगास्नान, नैमिषारण्य, मिश्रित, हत्याहरण आदि तीर्थस्नानों पर बन्नापुरसे निकटहोने के कारण बराबर जाना होतारहा काव्यआदि के पढ़ने लिखने की ओर से चित्तको बड़ीहीरुचि उत्पन्नहोतीगई यहांतक कि बहुधा मित्रोंके कहने सुनने से कई एक उत्तम उत्तम संग्रह बनाडाले जिनके नाम इसके अन्त विज्ञापन में लिखेहैं जितनीपुस्तकें हमने बन्नापुर और संदीले में संग्रहकीं उनमें हमको परमप्रियाशिष्य महिपालसिंह, दिक्पालसिंहआदि विद्यार्थियोंसे बहुतहीसहायता मिलतीरहीहै सिवा इसके इसपुस्तक के संग्रहकरने में हमारे कृपासागर मान्यवर परमउजागर श्रीठाकुर रघुनाथसिंह साहब नम्बरदार मौज़े थावर ज़िला लखनऊ की ओरसे बहुत कुछ सहायतामिली है और उन्हींकी दयादृष्टिके कारण यह संग्रह बनकर तैयार भी होगया सच्चिदानंद परमेश्वर हमारे परमकृपाल दीनदयाल श्री ठाकुर साहबको दिन दूना रात्रि चौगुना फुलाये फलाये और चिरंजीवकरे फिर जब सन् १८८६ ई० में दश वर्ष के उपरान्त बन्नापुरसे मदरसा क़स्बे संदीलामें हम बदलकर भेजे गये उस समय वहांके सब निवासियोंने जिनसे हमको अपने घरका ऐसा बरताव व लगाव होगया था हमारे साथ इस तरह स्नेहको निबाहा कि वह लिखे नहीं लिखाजासक्ता दीर्घ कालतक संदीला अच्छा न लगा धीरे २ वह घबराहट जातीरही चित्तलगने लगा यहां के

लोगोंसे हेल मेल होचला बस्तीको अच्छीतरहसे देखा भाला मालूम हुआ कि इस ज़िला हरदोईमें किन्तु बहुधा अवधके सब ज़िलोंमें ऐसा क़सबा कोई भी न होगा मनुष्य यहांके सब रँगीले छबीले अच्छे रसिक,पढ़े लिखे सुजन,प्रेमी,स्नेही, हितकारी,धनवान्,खुशपोशाक,रईसवज़ादार, और बुद्धिमान प्रत्येक भांतिके कारीगर मौजूद कोई२ रईस इस तरहके अत्युत्तम परोपकारी, कृपासिंधुदयानिधान,दीनबंधुहैं कि जिनकी प्रशंसा करना छोटामुँह बड़ीबात है विशेष उनमेंसे श्री सर्व्व शुभोपमायोग्य महाशय श्री राजा कुँवर दुर्गाप्रसाद साहब आनरेरी मजिस्ट्रेट व ताल्लुकेदार और विद्यासागर परमउजागर श्री कुँवर नरिंद्रनाथ साहब बहादुर आनरेरी मजिस्ट्रेट व ताल्लुकेदारहैं जिनके हित व स्नेहके सागरकी थाह नहींहै॥ प्रत्येक जन इन महाशयोंके प्रीतिरूपी बंधनमें ऐसेबँधे हैं कि निकल नहीं सकते श्रीजगदीश्वर दीर्घकालतक सुशोभित रक्खे तीसरे गुणखानि सर्व्वविद्यालंकृत परमसुजान सैयद मज़हरअली साहब रईस व सेक्रेटरी म्यूनी सिपिल बोर्ड हैं जिनकी तारीफ़ मैं कहांतक करूं ईश्वरने उनको ऐसा सुजन पुरुष बनायाहै कि कहेनहीं कहाजासक्ता सिवा इसके श्री हुजूर मौलान अब्दुल क़ादिर साहब बहादुर तहसीलदार संदीलाकी मुहब्बत व मुरव्वतका बयान अगर पूरा२ किया जावै तो यह भूमिका अलग एक पुस्तक होजावै नेक सूरत, उत्तम स्वभाव,मिलनसार,न्यायकारी, सत्यबचनी,परोपकारक,दयावान,शीलसागर,ऐसे कि लिखे नहीं लिखाजाता संदीलेमें बहुत कालतक विराजमानरहे ता०२मार्चस०१८८८ ई० को बिल्ग्राम तबदील होकर पधारे उनके चलते समय कोई सुजन पुरुष ऐसा न था कि न रोताहो संदीला रेलवेस्टेशन पर उस दिन एक ऐसाभारी जमाव शहरके लोगोंका होगया था कि जिसका वर्णन नहींहोसक्ता आपहीकी कृपा

दृष्टिसे श्रीदेवीजी के तालाबतक शहर से एक पक्की सड़क अत्युत्तम बनवादीगईहै ताकि जो स्त्री पुरुष वहां देवीपूजन या स्नानादिको जायें सुपासमें पहुंचजायें संदीलेका बाज़ार और उसके दोनों ओरकी रंग बिरंगी पक्की एकमंज़ली दोमंज़ली दुकानें बराबर एक मीलतक जो ४ बजेसे ११ बजे रात्रीतक अपनी चहल पहलसे बड़े २ शहरों के चौकोंको लजातीहैं इनहीं हमारे तहसीलदार साहब बहादुर की आज्ञानुसार बनकर तैयार हुई हैं ऐसे सर्वगुण खानि सुजन पुरुष बहुत कम देखने में आतेहैं आपकी सुशीलता इस दरजा बढ़ीहुई है कि जिसने बड़े २ बैरियों के शिर नीचे करदिये सचहै कि जितने सच्चे और अच्छे पुरुष हैं उनमें ऐसेही उत्तम गुण होतेहैं ईश्वर प्रत्येक सुजनको ऐसीही सुमतिदेवे ॥

तदनंतर में अपने श्रीसर्व्वेशुभोपमायोग्य महाशय श्रीबाबू सालिकराम साहबमिश्र इटावानिवासी असिस्टण्टसरजन संदीला अस्पताल के शील और गुण आदि को कहांतक वर्णनकरूं जिनके प्रेम और स्नेह की नदीकी थाहही मिलना महाकठिन है स्त्री पुरुष बालकहो या तरुण वृद्ध धनवान् हो, या निर्द्धनी सबसे वही मनोहर प्रेममिलेहुए सुबचन बोलना मानो सहस्रों का धन दियेदेते हैं सब संदीला उनकी शील-रूपी रस्सी में इसवक्त ऐसा बँधाहुआ है कि कुछ कहा नहीं जाता आंखबनाने में आप ऐसे उस्ताद हैं कि सैकड़ों अन्धों को मुफ्तमें आँखिआराकरदिया चारोंओर से बीसोंआंखके अन्धे लकड़ी टेकते दूसरे के सहारे आये और यहां से अकेले सुयशगाते बेखटके मकान को राही हुए ग़रीबोंको आनेजाने का ख़र्च भी मिलता है मकान भी रहने को दियाजाता है बहुधा समाचारपत्रोंमें आपके आंखबनाने का विज्ञापनभी छपाहै सच तो यहहै कि जितने दयावान् उत्तम पुरुष होतेहैं उनको सबअच्छा ही कहतेहैं ॥

अब मैं संदीले के कोई कोई मकानों का हाल भी कुछ लिखनाचाहताहूं वह यहहै कि सबसे प्रथम हाफ़िज़ व चौधरी शौकतअली साहबकी मसजिद द्वितीय मुन्शीफ़ज़लरसूल साहबका मक़्बरा और उसके चारोतरफ़ का बाग़ देखनेके योग्य है तृतीय लालताप्रसादका बनवाया हुआ पक्का तालाब है जोकि एकअति रमणीक और मनोहर स्थानमें श्रीशीतला जी देवी के मन्दिर के निकट बनाहुआ है और हरसाल यहां निहायत धूमधाम के साथ कंसलीला का मेला भी होता है जिसमें रात्रिसमय कईदिन बराबर रासलीला ऐसीउत्तमताके साथ कीजातीहै कि देखनेवाले जहांके तहां पत्थरके चित्र की नाईं होकर रहजाया करते हैं अब मैं अपने परमप्रिय महाशयों और रसिक सुजनों से सविनय प्रार्थना करताहूं कि मेरीभूल चूक को कृपाकर क्षमाकरैं मैं बास्तव में एक महादीन और अज्ञान जनहूं यह संग्रह रँगीले मित्रों और ईश्वरभक्त सुजन पुरुषों के दिलबहलाने के निमित्त रचा गया है यदि मुझे बहुप्रकार मालूम है कि बहुधा हमारे मित्र इसे देखकर डाह की अग्निमें जल जो कुछ कि जीमें आवेगा विक्षिप्त और पागलोंकी नाईं बकैंगे और जितने अच्छे महात्मा सुजनहोंगे वह यदि भला न कहेंगे तो अपने प्यारे मुख से किसीकी पीठपीछे बुराई भी न करेंगे क्योंकि प्रसिद्धबातहै कि अच्छे पुरुष सबको अच्छा और दुर्जन दुष्ट सबको बुराही बतलायाकरतेहैं हमारे ईश्वरभक्त और महात्मा सुजन जब इस नदीरूपी संग्रहमें श्रीगोबर्द्धनधारी कृष्णमुरारी और उनकी प्यारी श्री लाड़िलीजी महारानी की बहु प्रकारकी लीलारूपी और सुयश वर्णन कवित्तोंकी सुखदायक मौजोंको उठतेहुये देखैंगे तो अवश्य उनका उत्तमचित्त गद्गद हो मुझ चरणसेवक और कृपापात्रकी याददिलाये बग़ैर न रहेगा जिसको मैं अपना उत्तम भाग समझताहूं अब मैं

इस भूमिका को समाप्तकर सब छोटे बड़ों अच्छे बुरोंसे क्षमा मांगताहूं और चाहताहूं कि मेरी भूल चूकको कुछ ध्यान में न लावें॥

दो० पूरणग्रन्थभयोसुखद शिवाशिवहिशिरनाय।
चतुरजननकोसुखपरद मूरखकोदुखदाय॥

आप सबलोगों का चरणसेवक
हफ़ीजुल्लाहख़ां सेकण्डमास्टर
संदीला स्कूल ज़िला हरदोई
(अवध)
ता० १ एप्रिल सन् १८८६ ई०



षटऋतु काव्यसंग्रह॥

बसन्तऋतुके कवित्त व सवैया १॥

कवित्त॥ फूलेहैं रसाल नवपल्लव बिशाल बनजूही औ पलाश मल्ली आदि बहुको गनै। कूजत बिहँग पिक कोकिलादि एक सङ्ग गुंजत मलिन्द बन बीथिकानि मैं घनै। बहत समीर मन्द शीतल सुरभि धीर रहत न योग युत मुनिगनके मनै। एरे ब्रजरंग ऐसेसमै रहो सङ्ग नतु दहन अनङ्ग सिषु गोपिकानके तनै १ सुमन अनंत फूले बिपिन लसन्त पौन सौरभ बहत भौंर गुंजै रसमन्त है। सुतरु फलन्त कूक कोकिल कलन्त तजै ध्यान मुनि सन्त जहां केलिकोअगंतहै। सबै रसवन्त औ वियोगिनिको गन्त जहँ रतिही को तंत तोख सुकवि भनन्तहै। बेधे रतिकन्त पायतरुणी यकन्त अब जाहु कित कन्तऋतु भूपति बसन्तहै २ सङ्गकी सहेली रहोपूजत अकेली शिवातीर यमुनाके बीर चमक चपाईहै। हैंतौ आई भागतडरत हियरातें घरै तेरे शोच

करी सोहिं शोाच्चित सवाई है। बंचिहै वियोगी योगी ज्ञानि सरदार ऐसी कराठते कलित कूक कोकिल कढाई है। बिपिन समाजमें दराजसी अवाज होति आजु महाराज ऋतुराज की अवाई है ३ सुखद समीर सीर रूखी ह्वै चलन लागी घटिचली रैन कछु शिशिर हिमंतकी। फूलैलागे फूल फेरि बौरै बन आम लागे कोकिला कुहूकेलागीं मातीमदमन्तकी। हरीचन्द काम की दुहाईसों फिरन लागी आवै लागी सुधासुधि प्यारे कन्तकी। जानीपरै आजु बिरहीन की सिरागी अब आयो चाहैं रातैं फेर दुःखद बसन्तकी ४ बन बन आगिसी लगाइकै पलाशफूले सरसों गुलाब गुल्लाला कचनारो हाय। आइगयो शिरपैंचढाय मैनबाणनिज बिरहिन दौरि दौरि प्राण न सम्हारोहाय। हरीचन्द कोइलैं कुहूकी फेर बनबन बाजै लागयोजग फेरिकाम को नगारो हाय। दूरप्राण प्यारो काको लीजिये सहारो अबआयो फेरिशिरपै बसन्त वज्रमारो हाय ५॥ सवैया ॥ सखि आयो बसन्तऋतुन को कन्त चहूंदिशि फूलिरही सरसों। वर शीतलमंद सुगंध समीरसतावन हारभयो गरसों। अब सुन्दर सांवरो नन्दकिशोर कहै हरिचन्द गयो घरसों। परसों को बिताय दियो बरसों तरसों कब पांय पिया परसों ६ ॥ कवित्त ॥ आयो परवाना पात डार छांह तम्ब तानि कोकिलादिवान बोर तोर पतनावैं चुनि। छडीदार कौलिया पहार देति आठों याम बायूफूल सेजिया मजेजिया बिछावै

तुनि। झगडाखालसेमर सुगन्ध हरिकारा वर बाजत नगारा जो मलिन्दगणगावै धुनि। शबद दराज भोदिवाकरजू पक्षिनके दक्षिणके देशऋतुराज आज आवै सुनि ७ बिरही दुखारी कामकीन्हो अधिकारी चन्द्रीकगण जारिदेश कियोहै देवारीसों। पेड़पत्तझारी कल कैलि बोली भारी शुभ सौरभ पसारीछीन छायो फूलवारी सों। भनत दिवाकरजू छाकेभये कोकिल बसन्ती सारी युवती शरीरपैन्है प्यारी सों। फरैलागे बिटप बेलाके फूल फूलैलागे व्यापै लगे सबमें बसन्त बायुदारी सों ८ पुनि शरशालक मरिन्दन लपटिकर दक्षिणासे आइ शुभलागत शरीरमें। मन्दमन्द चालसे मरालके लजात तात वपुह्वै पवित्रतानहाये गङ्गनीरमें। सुखद सुहावन सुहावन सुनीश मन नारी सों नवोढ़ा गतिचलै अति धीरमें। भनत दिवाकर सुधासों निशि सनी प्रात जानी क्या बहार है बसन्तके समीर में ९॥ सवैया॥ आज सुभायनहीं गई बाग बिलोकि प्रसूनकि पांतिरही पगि। ताहिसमै तहँआयेगोपाल तिन्हैं लखि औरो गयो हियरो ठगि। पै द्विजदेव न जानि पर्योधौं कहांत्यहिकालपरे अँशुवा जगि। तूजोकहै सखिलोनो स्वरूप सो मों अँखियान में लोनी गई लगि १०

फूलनदे अबै टेसू कदम्बन अम्बन बौरन छावन देरी। री मधुमत्त मधूकन पुंजन कुंजन शोर मचावन देरी। क्योंसहिहै सुकुमारि किशोरि अरी कलकोकिल गावन देरी। आवतही बनिहै घर कन्तहि बैरी बसन्तहि

आवन हेरी ११ नीलबसन्त उठे अकुलाय सुने कल कोकिलकी किलकारी।भाँवरैंसीभरैंसाँवरे साँवरे होत निछावर ते सहचारी । देव दुहूं को दुहूं दुरिके रँग दै पठई अँगअंग उजारी । केसरियाखुलै नन्दकिशोर किशोरी कि केसर की रँगी सारी १२ मदमाती रसाल कि डारनपै चढी आनँद सों यों बिराजतीहैं। कुल जानिकि कानि करैं न कछू मन हाथ परायहि मारती हैं । कोऊ कैसी करै द्विज कहै नहिं नेको दया उर धारती हैं। अरी कोलिया कूकि करेजनकी किरचैं किरचैं कियेडारतीहैं१३ भोरिसे कौने लिये बनबाग ये कौनेजु आंबनकी हरिआई। कोयल काहे कराहति है बन कौने चहूं दिशि धूरि उडाई । कैसो नरेश बयारि बहै यह कौन धौं कौनेसों माहुरनाई । हाय न कोऊ तलाश करै ये पलाशन कौने दवारि लगाई १४ आयोबसन्त दहन्त सखीघर आयेन कन्त न पाये सँदेशन । शंभु कहैं पथिकाये सबै अरु कोऊ बिदेशी रहे न बिदेशन । चन्द्रमुखी ढुगते अँशुवा ढुरिआनि पडे कुचयाही अँदेशन। मानोमयंक सरोजन में मुकताहल लैलै चढावैं महेशन १५ ॥ कवित्त ॥ जब ते हमारे प्राणप्यारे हैं पधारे उत धीर नहिं धारे जात पीरहियमेंजगें । शीतलसमीर भयोतीर कालिन्दी के तीर बीरबलबीर बिन नीर ढुगते डगें। केशरी समान जब बिरह परै हैं भान योग ज्ञान ये गयन्दयूथ तबहीं भगैं । बोली कोकिलान की करै हैं शूलहूल हमें ऊधो

ये कदम्बन के फल गोली से लगें १६ औरै भांति कुंजन में गुंजरत भौंर भीर औरै डौर झौरन में बौरन के ह्वै गये। कहैं पदमाकर सो औरैभांति गलियान छलिया छबीले छल औरै छबि छ्वैगये। औरै भांति बिहग समाज में अवाजहोत ऐसे ऋतुराज के न आज दिनद्वैगये। औरै रस औरै रीति औरैराग औरैरंगऔरै तन औरै मन औरैबन ह्वैगये १७ पात बिनकीन्हे ऐसी भांतिगणबेलिन के परत न चीन्हेजे ये लरजत लुंजहैं। कहैंपदमाकर बिसासीया बसन्तकेसो ऐसेउतपात गात गोपिनके भुंजहैं। ऊधोयह माधोसों सँदेशो कहिदीजो भले हरिसौं हमारे ह्यां न फूले बन कुंज हैं। किंशुक गुलाब कचनार औ अनारनकि डारनपै डोलत अँगारन के पुंजहैं १८॥ सवैया ॥ बूझतुहैा कहावाकी दशा भुवनेश जु बात वृथा बहिजायगी। सांची कहेपतिया-हुनहोंनहिं कांची कछू हमसों कहिजायगी। आश नहीं बचिबेकी अबै पर प्यारीजऊरहते रहिजायगी। बीस बिसेबन फूले पलाशन देखि अँगारन सों दहिजायगी १९ कोकिल कूकि कलोलकरैं कलकोइल कूजै नि-कुंजन मैं। कीर उदोत कपोतके गोत छके मदसों रव गुञ्जनमैं। किंशुककेतकिकुन्दजुही बिकसो भुवनेशजु पुंजन मैं। काहे न ऐसी समै अलितोहिं सोहातअहै रसभुंजन में २०॥ कवित्त ॥ कालित कमण्डल कमल कलिकाके करि किंशुक कुसुमबर अम्बर सुहायोहै। ठौर ठौर भौंरनकी श्रेणीजप माल मौर सजै हैं रसाल

जटाजूटसों बढ़ायोहै। ग्रिष्यन के गीतकीर कोकिल कपोतसंग पढ़ै ह्वै उमंगचहूं ओरशोर छायोहै। कन्त बनमाली को पठायो लालीसों लसन्त आलीरी बस-न्तधनि सन्त बनिआयोहै २१ गानकोकिलान के सु-बाँसुरीकि तानसनोसजें बनमाल फूलजालये अनन्त हैं। सोहत ममद अलि कोकनद पै झपात मुख पै प्रभात जनु लोचन लसन्त हैं। उड़त परागपट पीत फहरात सोईहियो हहरात बिरहिनिको तुरन्त हैं। आयोरी बसन्त श्यामाकन्त को बनाय बेष देखो बिलसन्त यह कैसो छबिवन्तहैं २२ ललितलता के नवपल्लव पताके सजें बजें कोकिलान के सुकलगानकेंनिशान। ठौरठौर मौरन पै भोंरभीर झौरकरें दौर दौर गावत नवीन की तौरगान। फूलनकी सैन सैन सैनसीकरैंहैं चैन शी-तल सुगन्धमन्द मारुतचलतबान। सजिके समाजसाज बिरही बिकल काज एहो ब्रजराजऋतुराज आज हरैं प्रान २३ जामें पंचसुर धुनि सुखमा बिराजि रही देई सुबिनोदमें सुवास सदागतिहै। कुन्दनकिकला चहुंओर झलामलै होति मनो उमापति की उदोत ज्योति अति है। माधव सेवैं रसाल बिकसे बिशाल बेला ठौर ठौर जामें शुकवाणी हुलसतिहै। किधैां सुखराशीहै बसन्त ऋतु दीनयाल किधैां अबिनाशी पुरीकाशी बिलसति है २४ सबकुल यूथ मिलि बन्धु जीव सोहतहैं कसरमें अम्बरसुखगञ्जनबासहै। करें अलिगान फिरैं भोंरी सुद भरी सङ्ग चहूंओरआवत गुलाबकी सुबासहै। सजैंअति

मुक्त द्युति झालरति काननमें कुन्दन की कला फैलि रही आसपासहै। मौरहैरसालरतें शाखाद्विज दीनद्याल दयाहको समाजधौं बसन्तको प्रकासहै २५ सोहैशुक बाणी चहुँओर मंजु कानन में षटपदी धुनिप्रात बेला बिलसन्तहैं। केतकिअशोकपरसेवत सुधीरद्विज बोलत रसाल सुमनस बिकसन्तहैं। तरुणीके देखनको नैनन नचावें जित माधवी सुरतियुत बात बिकसन्त हैं। उपजें बिशाल रुचिदेखतही दीनद्याल किधौं सन्तसभा किधौं शोभित बसन्तहैं २६ ॥ सवैया ॥ नागरसेहैं खड़ेतरु कोऊलिये कर पल्लवमें फलफूलन। पाँवड़े साजिरहेहैं कोऊ कोउ बीथिन बीच पराग दुकूलन। फूल झरैं द्विजदेवके ऊपर काननमाहँ कलिन्दजाकूलन। आगममें ऋतुराजकेआज सबैंबिधिखोये सबैंनिजशूलन२७ कवित्त ॥ औरैं भांति कोकिल चकोर ठौर ठौर बोलैं औरैभांति शबद पपीहनके ह्वैगये। औरैभांति पल्लव लिये हैं वृन्द वृन्द तरु औरैं छबि पुंज कुंज कुंजन उनै गये। औरैंभांति शीतल सुगन्ध सन्दडोलैपौन द्विजदेव देखत न ऐसेफलह्वैगये। औरैरीति औरैरङ्ग औरैं साज औरैं संग औरैं बन औरैं छन औरैं मन ह्वैगये २८ ॥ सवैया ॥ देखतही बन फूले पलाश बिलोकतही कछु भौंर कि भीरन। बावरीसी मति मेरी भईलखि बावरी कंजखिले घटे नीरन। भाजिगयो कढ़ि ज्ञानहियेते न ज्ञानि परयो कब छोड़िकैधीरन। कन्धन कौनके लोचन होयँ पराग सने हरसात समीरन २९ ॥ कवित्त ॥

फेरि वैसे सुरभि समीर सरसान लागे फेरि वैसे वेलि मधुभारन उनैगई। फेरि वैसे चहँकि चकोर चहूं ओर बोले फेरि वैसे कोलिया कि कूकन चहूंभई। द्विजदेव फेरि वैसे गुनी भौंर भौरैं फेरि वैसेही समय आयो आनँद सुधामई। फेरि वैसे अंगन उमंग अधिकानेफेरि फेरि वैसे कछूक मति मेरी भोरी ह्वैगई ३० फेरि वैसे वेलिमन्द डोलन चहूंघा लगीं फेरि वैसे फूलनपै मन्दझरि लागीहौन। फेरि वैसी भूमिभई बासित सुवासन सों फेरिवैसे पूरितपरागन भयेहैं पौन। द्विज-देव फेरिवैसे सोहे तरु पुंज कुञ्जकुञ्जनमें फेरिवैसे मोर ह्वैगयेहैं मौन। फेरि वैसे पलटि गईहैं गृह वापिकाऊ फेरिवैसे पलटि गये हैं चारों ओर भौन ३१ फेरिवन बौरेमन बौरेसे करनलागे फेरिमन्द सुरभि समीरहवै कितन्तगो। फेरिधीर नाग्रान पलाशनमें लागी आगि बहुरि बिरहिजूह डरपि इकन्तगो। द्विजदेव देखि इन भाइन धराते फेरि जानिये कहांधौं भाजि सोहि-मन्त अन्तगो। फेरिउर अन्तर ते डगरि गयोई ज्ञान फेरि बन बागनमें बगरि बसन्तगो ३२ ॥ सवैया ॥ फूले निकुंजघने द्रुम मंजुल भृङ्ग लतानन तान कहे। अतिशी-तल मन्द सुगन्धघने चहुँ तीक्षणतीर समीरवहे। धुनि कोकिल कीर कपोतनके भरकानन कानन जातसहे। उरशालत शूलसमूह प्रताप बसन्तमें कन्तबसन्तरहे ३३ नित हेरत बाट थकीं अँखियां दुहूं पावक से अँशुवान बहे। दिनके गिनते घिस छोर गये जियरा अब धीर

अधीरगहे। कहियोइतनोई सँदेशो भटू बिछुरेभलकैतब काहकहे। अब पाहन सों हियरोके प्रताप बसन्त में कन्त बसन्तरहे ३४॥ कवित॥ डोलेहैं तमालपत्र पांवड़े अवाई सुनि गावतहैं गुणीजनइतउतछाहके। फूलिउठे कुन्दये मलिंद वेग चाय उठे कूकिउठीं कोकिला कलापीचित्तचाहके। प्यारेआमबौरिउठे पक्षीगण दौरि उठे चांदनी चँदोवा जबलागे नरनाहके। गिलमैं गुलाबनकि गद्दीचारु चम्पनकि बाग बीच डेरे हैं बसन्त बादशाहके ३५ तालनपै तालपै तमालनपै आलन पै लालमाल बालपै रसाल सरसोपरैं। पढ़ै कविरामचंद्र कुन्दकन्द बंदनपै चन्दनपै चन्दपै मलिन्द दरसो परैं। केकी केलकेसर करंज केतकी पै कंज कारकूल कोकिल कदम्ब परसोपरैं। रंगरंग रागनपै संगही परागन पै वृन्दावन बागन बसन्त बरसोपरैं ३६ सुमन समुद्रहू ते शीशमोर फन्दहूते चारुमुख चन्दते अनन्द दरसो परैं। पीतपट बसनहूते कुंदसे दसनहू ते मन्द बिहसन हूते रससरसोपरैं। मन्द रबितानहूते बंशीसुर गानहूतें मैनपैन बानते पराग परसो परैं। भूषण बिशालहूते लाल गुंजमालहूते पीर बनमालते बसन्त बरसोपरैं ३७ पीरीतन सारीशीशपरते उतारिडारी जबते बसन्तऋतु आगम जनाईहै। पीरेपीरे भूषण करनलागे पीर तन बिना पीव प्यारे पियराई उरछाई है। ऋतु पियराई सभा इंद्र मन भाई सखि हमैं पियराई दुखदाई होन आईहै। जोई पियराई तनहूक होत मेरी आली सोई

सौति मालिन पियर फूल लाई है ३८ आयो है बसंत बौरे बागन बसीहै धूम बेलि पगपुंज अरु पीरो दरशानहैं। गुंजिरहे भौंर ठौर ठौर फूले फूलनमें फवत समीरमें सुगन्ध सरसानहैं। नन्दराम देखौतो पपीहरा पुकारतहै पीउपीउ प्यारीके पियूष अधरानहैं। कैसे लाल चलिबे कि चरचा चलावतहै। ऐसे समै ऐसे बैन बानके समानहैं ३९ लोकन सवाँरो तौ सवाँरो ना बिगारोकछु लोकन सवाँरि नरनारिनसवाँरतो। कीन्हो नरनारि तौन प्रेमको प्रचारदेतो प्रेमको प्रचारो तौन सैनको प्रचारतो। सैनको प्रचारो तो प्रचारोनासँयोग देतो कीन्हो जो सँयोग तो बियोगना बिचारतो। नंदराम कीन्हो जो बियोग बिधना तो भूलि बौरेबन बागन बसन्तना बगारतो ४० आसनमें आसन अकाशमें अवासनमें आलिनमें आलिनकि आलिनमें दौरिगो। कहैं नन्दराम त्यों बिहंगनमें बागनमें वनमें बिनोदनमें बौरनमेंबौरिगो। क्षितिमें छबीलनमें क्षपामें क्षपाकर में छत्तिनमें छातिनमें छैकि छलछोरिगो। देखुरीबसंत में बतावतहै कन्त में नसारी सरसन्त में अँगारन बिथोरिगो ४१ फेरि वैसे कुंजनमें गुंजरन लागेभौंर फेरि वैसे कोलिया कुबोलनररैलगी। फेरिवैसे पातनपै पूरिगो परागपीत फेरित्यों पलाशनमें आगिसी बरैलगी। फेरि वैसे पपिहा पुकारैं लगैं नन्दराम फेरि वैसे धाम धाम सौरभ भरैलगी। फेरिवैसे उधमी बसन्त विशवासी आयो फेरि वैसे डारन में डाकसी परैलगी ४२

आयो री बसंत कूकि कोलिया पुकारै लगीं हमसी गरीबिनी को गात गारि डारैंगी। मन्द मन्द मारुत सुगन्ध सरसान लगीं ज्वाल को जगाइकै जरूर जारि डारैंगी। नंदराम बागन में फूलैलगीं बेली बन करिकै अधीरिनी सुधीर टारि डारैंगी। येरीतआवीर तौदेखादे मोहिं मोहन को आखिर कदम्बन की डारैं मारि डारैंगी ४३ ज़ालिम ज़ुलुम दार ज़ाहिर जहान जौन डगर डगर बिथ बगर बगारिगो। कहैं नन्दराम ब्रजगाम कोगरीबिनिन रावरे को चेरिन पै बेरिनको मारिगो। ऊधोजी हवालकहिदीजो नंदलालजूसों गोकुलकीगैल गैल गजबगुज़ारिगो। फूलैंनापलाशये पलाशकै बसंत बाजकाढ़िकै करेजा डारडारनपै डारिगो ४४॥ सवैया॥ लागे अनारन पांडर डारन देखत देव महा डर साचैं। मानुरी झौरन अम्बके बौरन भौंरनके गन मन्त्रसोंबांचैं। लागिउठैं बिरहागिनको कचनारन बीच अनारन आंचैं। सांचहु चारबिचार कहैं पिको नाचेबनैंगीबसंत किपांचैं ४५॥ कबित्त॥ देशबिन भूपति दिनेशबिनपंकज फणीशबिनमणिशओर शशिबिन यामिनी। दीपबिनगेह औसुगेह बिन सम्पति औदेह बिन देहघनमेह बिनदामिनी। कबितासुछंदबिन मालती मलिंदबिन सर अरविन्दबिन होतछबि छामिनी। दास भगवंत बिन संत अतिव्याकुल बसंतबिनलतिका सुकंतबिनकामिनी ४६ कूकि उठीं कोकिलान गूंजि उठो भौंर भीर डोलि उठे सौरभ समीर सरसावने। फूलि उठीं लतिकाहू लौंगन

किलोनी लोनी भूलि उठीं डालियां कदम्ब सुख पावने। चहँकि चकोर उठे कीरकरि शोरउठे टेरिउठीं सारिका बिनोद उपजावने। चटकि गुलाबउठे लटकि सरोज पुंज खटकि मराल ऋतुराज सुनि आवने ४७
सवैया ॥ पीयबिदेश गये जबते तबते सखिकेतो उपाय करंती। चांदनी ओरन कोरकरै मणि मन्दिर भाये कथा गुणवन्ती। नीर तड़ागनको निकरायके हैबिन कीरति रूपकिरान्ती। डौंड़ीफिरी ब्रजमें चहुंघा जनि कोई रँगी अब चीर बसन्ती ४८ शोभितहै मणिमन्दिर में बहुधा चित्र शुभ्रतहां दरशंती। शोभसनी पर्यंक पै प्यारी लसै कुच कंचुकी आप धरंती। ताहीसमय परदेश भजै पति आयो लखे बिहँसी गुणवन्ती। व्यंग्य सन्यो तिनबैनठन्यो घनश्याम बन्यो तुमबाग बसंती४९ जोहित तोहिं पठायेंहुती कहतीनहिं आली बड़ीगुणवन्ती। बैन लजीले सोढोलिपरे बँद कंचुकी आननकी दरशान्ती। भाये प्रमेश तिहारी खुलीं अलकैं चहुंघा सुचियां लटकन्ती। आप गंभीर तु हे मतिधीर दियो किन बीर सुचीर बसन्ती ५० रैन कि चैन बितायो कहूं किबिना गुनमाल लसै यहपंती। नींदभरे दरशात दुऔ दुग देखत राजिरही अरुणान्ती। जावक अंजन रेखदियो बिश्वनाथ कहै बैतिया गुणावन्ती। सांची बताओ छपाओनमोसन पायोकहां यहसारी बसंती५१
कबित्त ॥ योगलागे चलन बियोगसों बियोग लागे लोग लागे सेवक संयोग सुख साजते। गन्धलागेसौरभी द्वि-

रेफ होन अंघलागे तरुके प्रबंधलागे फूलनकी छाजते। रौनलागे बिहग सुपौन सान यौनलागे होनलागे नाच राग रंगऊ समाजतें। संतलागे कांपन अनंत काम तन्त लागे अंतलागे सिसिर बसंत लाग आजते ५२ बरन २ तरु फूले उपबन बन सोई चतुरंग संगदल सजियतु है। बंदीजिमि बोलत बिरदबीर कोकिलहै गुंजत मधुप गान गुन गहियतुहै। आवै आसपास पुहुपनकीसुबास सोई सोधेके सुगंधमांझ सनेरहियतुहै। शोभाकोसमाज सेनापति सुखसाज आज आवत बसंत ऋतुराज कहि· यतुहै५३ मलैगिरिमारुतके मिसि बिरहाकुलनि दिशि दिशा व्यालनका विषवगरायोरी। तापर किशोरतैसो पंचम न बलराग कोककी कलान भीनो कोकिलन गायोरी। कोनसुनि मोचैमान लोचैकोन मिलनको सोचैकोन श्यामदेखि नेहसरसायोरी। आमनके भौंर लागे अंकुरन मौरलागे भौंरलागे भ्रमन बसंत अब आ- योरी ५४ अवनिते अंबरते द्रुमनि दिगंबरते अपर अडं बरते सखि सरसोपरै। कोकिलकी कूकनते हियनकी हूकनते अतन भभूकनते तनतरसोपरै। कहत किशोर कंज पुंजनते कुंजनते मंजुअलि गुंजनते देखुदरसो परै। बसनते बासनते सुमनसुवासनते बेहरतेबनते बसंतबरसो परै ५५ कोकिला कलापी कूजें यमुनाके नीरतीरबीर ऋतुराजको समाज दरस्योपरै। भनत किशोर जोरअ- वनि कदंबनिते मंजुमंजरीनते सुगंध सरस्योपरै। काम व्यथामेटनको सुखद समेटनको भेंटनको पीतमको प्राण

तरस्यापर। अवनिते अंबरते द्रुमनिदिगम्बरते बैहरतें बनते बसंत बरस्योपरें ५६ कूलनमें केलिमें कछारनमें कुंजनमें क्यारिन में कलित कलीन किलकंत है। कहै पदमाकर परागनमें पौनहूमें पातनमें पिकन पलाशन पगंतहै। द्वारमें दिशानमें दुनीमें देशदेशनमें देख्यो दीप दीपनमें दीपति दिगंत है। बीथिनमें ब्रजमें नबेलिन में बेलिनमें बननमें बागनमें बगर्योबसंतहै५७ तरुपत झा-रनमें किशलित डारनमें रमित पहारनमें द्युतिमें दिगंत है। त्रिविध समीरनमें यमुनाके तीरनमें उदित अबीरन में झलाझलकंतहै। छायरह्योगुंजनमें अलिपुंज कुञ्ज-नमें गानमें गोपाल ऐसो रूपदरशंतहै। फूलमें दुकूलमें तड़ागनमें बागनमें डगरमें बगरमें बगरो बसंतहै५८देश में दिशानमें लतान द्रुमबेलिनमें कुञ्जनमें कञ्जन में रङ्ग दरसानोहै। पल्लवमें पौनमें परागहूमें किशलयमें कुसुम कलीन अलिगुंज सरसानोहै। हारनमें क्यारनमें फूल कचनारन में झारन पहारनमें मोद सरसानोहै। बिरिक्ष अनन्तनमें लतिकानतन्तन में दशादिशि अन्तन बसन्त बरसानोहै ५९ अवनि अकाश अंबुअनिलअनलआभा औरै भांतिभईजो मनोज महिमन्त की। करजनिमान या दिशान ह्वै गईहै मन्द मति ह्वै गईहै सब ज्ञान जग जंतकी। कहत किशोर जोर जरनकुयोगिनके भोगिन के भावनि वियोगिन के अन्तकी। लहलही उमगते लखि लसिरही तैसी लहलही लैांदन में लहरि बसंत की ६० आयो ऋतुराज फूले सुमन समाजभयो अमल

अकाश बहै पवन हरैंहरैं। लपटे लतानसों तमालनके जालमौरे अमित रसालते बिशाल मनकों हरैं। कहत किशोर किल कोकिला चकोर नहीं गनैं सांझ भोर चारोंओर शोरको करैं। आनँद मगन कैसी लगन लगाये देव मंदिरन कुञ्जकुञ्ज अलिपुञ्ज गुञ्जरैं ६१ मेरे मेरे मौर तरुमञ्जरीन मीठि आली गंध गुणमयी मंद मारुत झकोरेलेत। नवल किशोरी लोनीकंपयुतलतिकान लपटि लपटि रस आनँद अथोरेलेत। गरलकि गाँठसे गठैसे गढे शिरकटे फिरत अमान मानगढ़ हठि छोरेलेत। कामकैसे चारऋतुराजकैसेसहचर चाँचरि करत चंचरीक चितचोरेलेत ६२ मंजुमलयाचलकेपौन के प्रसंगनते लाल लाल पल्लव लतान लहकैलगे। फूलैं लगे कमल गुलाब आबवारेंघन शंकरपरागभू अकाश अहकैलगे। बोलैलगीं कोकिल भनन्त भौंर डोलैलगे चोपसों अमोलै मकरंद चहकैलगे। नेकौना अटक चढ्यो कामको कटक चारु चारोंओर चटक सुगन्ध महकैलगे ६३ गौनहदहोन लागे सुखद सुभौनलागे पौन लागे बिषद बियोगिन के हियरान। सुभग सवारिले सुभोजन लगनलागे जगन मनोजलागे योगिन केजियरान। कहतगुलाब बनफूलनपलाश लागेसकल विलासन को समयो सुनियरान। दिन अधिकान लागे ऋतुपतियान लागे भान लागे तपन सुपान लागे पियरान ६४ मलय गुलाबीहाथ सुमन पियालेआले चटकगुलाब चाखचाखत बिचारोसो। कहै हरिकेश

मोद चारोंओर छायो जोर मधुर अलापैं राग ताल कूकभारोसो। मुनिमन बसन लथोरे नेहबोरे बलि हेरिझकझोरें करें कोरेंपियप्यारोसो। सुरभी कलार कुंज सदन सुछाक्यो बाँको मन्दमन्द आवत मरुतमत वारोसो ६५ बागनमें चारु चटकाहट गुलाबनकितात देततालिया तुलनतुकतन्तकी। गुंजत मलिंदवृन्द तान सी उपजपुंज कलरवगान कोकिलान किलकन्तकी। गोकुल अनेक फूल फूलेहैं रंगेदुकूल झूमैंआमबौरहाव भाव रसवन्तकी। लहरैं तरुन तरु छहरैं सुगन्ध मन्द नाचतनटीसी आवैं बैहरि बसन्तकी ६६ मलयगिरि तरु कोआतेकढीहै चढी मंजु मकरन्द पुंज पानिपआरसी। अलि बियबूडी बलिकहति कहाहै जापैं सौरभ की लहरि भरीहै खरधारसी। कहत किशोर चारों ओर न बियमबेय प्रबल प्रचण्ड पेयि झरपन झारसी। रहत न रोकी बहैचाहति बियोगिनपै बैहरिबसन्तकी तिरीछी तरवारिसी ६७ सुरहीके भार सूधे शबद सुकीरन के मन्दिरन त्यागिकरैं अनत कहूं न गौन। द्विजदेव त्योंहीं मधु भारन अपारन सों देखु झुकि झुमि रहे मोगरेमरुवदौन। खोलि इन नैननि निहारौंतोनिहारौं कहा सुखमा अभूत आयरही प्रति भौन भौन। चाँदनी के भारन देखात उनयो सो चन्द गन्धहीके भारनबहत मन्दमन्दपौन ६८ द्रुमडार पलना बिछौना नवपल्लवके कुसुम झँगूला तेई तन सुखमारी दै। पवन झुलावैं केकीकीर बतरावैं मिलि कोकिल

हिलक झुलरावैं करतारीदै। झरत परागते उताख्यो करैं राईलोन कुन्दकली नायिकालतान पुचकारीदै। मदन महीपजू को बालक बसन्त ताहि प्रातही जगा-वत गुलाब चुटकारीदै ६९ मल्यो उर आनँद अपार मैनसोवतहि पायसुधि सौरभसमीरन मिलनकी। नेह के झकोरन हिलाय उर दीन्हो सखि सुखमा लवङ्ग लतिकान के हिलनकी। स्वपन भयोधौं कैधौं साँचो करतार ईसि समुझत रीति लखि अङ्ग शिथिलनकी। खिलिगयेलोचन हमारेएकवारसुनि आहट गुलाबनके अखिल खिलनकी ७० चहँकि चकोर उठे शोरकरि भौंर उठे बोलि ठौरठौर उठे कोकिल सुहावने। खिलि उठीं एकैबार कलिका अपाराहिलि हिलि उठे मारुत सुगन्ध सरसावने। पलक न लागी अनुरागी इन नैनन पै पलटिगये यौं कबै तरु मन भावने। उमगि अनन्द अँशुवान लौं चहूँघा लगे फूलि फूलि सुमन मलिन्द बरसावने ७१ हौरैहौरैं डोलतीं सुगंधसनी डारनते औरैं औरैं फूलनपै दुगुन फबीहै फाब। चौंथते चकोरनसों भूलेभये भौंरनसों चारोंओर चरपनपै चौगुनी चढ़ीहै आब। द्विज देवकीसों द्युति देखत भुलानो चित्त दश गुनी दीपति सों गहब गुछेगुलाब। सौगुनेसमीरह्वै स-हसगुने तोरभये लाखगुनो चांदनी करोरिगुनो माह-ताब ७२ गुंजरनलागीं भौंरभीरकेलि कुञ्जनमें कैलिया के मुखते कुहकनि कढ़ैलगी। द्विजदेव तैसीकछूगहब गुलाबनते चहँकि चहूँघा चटकाहट बढ़ैलगी। लागेसुर-

सावन मनोज निज ओज रति बिरही सतावन की बतियाँ गढ़ैलगी । होनलागी प्रीति रीति बहुरि नईसी नवनेह उनईसी मतिमोदसों मढ़ैलगी ७३ पाँखुरीलै साजी सेज सेवतीकी बेलिन चमेलिनहू सरसबितान छबिछाईहै । फैल्यो चहूँ ओरन गुलाबनको गंधधूर धुंधुरित सौरभी समीर सुखदाई है । चारौं ओर कोकिल चकोर मोर शोरनसों ओर क्षिति छोरन अनंद अधिकाईहै । आज ऋतुराजके समागमके काजहोत धामधाम बेलिन के आनँद बधाईहै ७४ गुंजरनलागे भौंर ठौर ठौर कुञ्जनमें लाग्यो बेलि पुंजन दवासो कामजुरको । बोलन लगेहैं पिक चातक चकोरमोर बँधिगयो सरस सनाको एक सुरको । काम बनबानिक बिलोकि इहि भाँति दीह दुरिदुरिजात दुख कौनके न उरको । बंद भयो चाहत सुरेशको समाज आज मंदभयो चाहत अनंद सुरपुर को ७५ कुंजलागे लसन प्रसून बिकसन लागे रसन सुगन्ध मकरंद की झरीन के । भौंरन के पुञ्ज मंजु गुञ्जरन लागे बन जालजागे धरन रसाल मञ्जरीन के । छाई छबि शेषर बसन्त की अवाई ब्रज लागो मोद बढ़न बिनोद की भरीनके । रंगलागेचढ़न उमंगऊबढ़नलागे संगलागे कढ़न सुहाये सुंदरीनके ७६ गावनो धमारिको सुलागत सुखद महा धावनो सुमारुत को आनँद अनंत को । चावनो बढ़ावनो भो आलिन को गन गुनि हिय हुलसावनो भो कोकिल भनंतको । मगादेव भनतकलेश को परावनो भो अङ्ग उमगावनो भो देखे पदकन्तको ।

छावनो गुलाल को सुहावनो लगत आली भावनो लगत मोहिं आवनो बसन्त को ७७ बौर मौर किंशुक सुकङ्कन कलित सौर भूषण सुफूलके परागपट भायो है। ठाकुर पताके पत्तालाल कञ्ज सिंहासन कुञ्ज भेद पालकी गयंद रथ छायोहै। पौनहै सुदौर बने बिरिछ बराती तौर भौंर चोपकादि बोल बाजने बनायो है। जोहनसे मोहन बहारबनरीहै संग सोहन बसन्त बँदरा सो बनिआयोहै ७८ पीरोफूल चम्पक को शोभियत कर्नफूल तैसोहि दुकूल अतिसरस सुहायो है। लहँगा है पीरो कुचकंचुकी सुहात पीरी पीरिहीशरीरमानो केसरि लगायो है। मोतिनकीमाल गर सोहै बनमाल पीरी पीरोपोखराज नगजटित जरायोहै। कञ्चन की भूमि तामें धरैं पग झूमिझूमि देखो ब्रजचन्दजू बसन्त बनिआयोहै ७९ नैन अरबिन्द मकरन्द रस भरे सोहैं भूषण बिबिध फूल बन छबिछाईहै। कोकिल बचन बरअधर सुपल्लव से कुन्दकली दन्त द्युतिदीपति सुहाईहै। चम्पक सुमन गात सौरभ हँसत बात फौज भौंर भीर सङ्ग सखी समुदाईहै। प्यारे ब्रजराजजूसों उमगि अनङ्ग प्यारी खेलन बसन्त को बसन्त बनिआईहै८० सरस सुधारी राजमन्दिर में फुलवारी भौंर करैं शोर गान कोकिल बिरावके। सेनापति सुखद समीरहै सुगन्ध मन्द हरत सुरत श्रमशीकर सुभावके। प्यारो अनकूल कहूं करत करनफूल कहूं शीशफूल पांवडेऊ मृदुपावके। चैतमें बिभात साथप्यारी अलसात लाल

जात मुसुकात फूल चुनत गुलाबके ८१ रङ्ग रङ्ग फूली बेलि बिटप अनेक सङ्ग देवकी नँदन कहै शोभायों अनन्तकी । त्रिविध समीर डोलैं बोलैं पिक प्यारे बोल पुञ्ज अलि गुञ्ज गति मोहै मैन मन्तकी । सखिन स-मेत साजे जेवर जराऊ सबै बसन बसन्ती शोभा भारी प्यारी कन्तकी । वेशबङ्गलामें वेश सुनत बसन्त राग बागवन बनक बिलोकत बसन्तकी ८२ बिथहि बगा-स्योघहै बात मलयाचलकी गिली उगिलीहै बरब्याल-न के जालकी । बाड़वको सङ्गी बिधुभयो है कुढङ्गी याते क्यों न करै चहुंओर चांदनी ज्वाल की । कहै शिवकवि फूले कुटिल पलाशकूर जानै कहा बात काहू दीन प्रतिपालकी । प्यारी बिन देखिये बसन्त में अ-चम्भो सक शालतहिये है मृदु मञ्जरी रसालकी ८३ फूलैंगे अनार कचनार नहसुतआम फूलैंगे सिरिस औ पनसफल शूलैंगो । फूलैंगी सुपांडर औ मालती अमि-लतास सेमर पलाश फूलि आगिरूप तूलैगो । फूलैंगे कनेर माधवी चमेली रघुनाथ फूलैंगे गुलाब जिन्हैं देखि चेत भूलैगो । बिरहको बिरवालगायो जौनकन्त सखी आवत बसन्त कहो वहो अब फूलैगो ८४ भूले भूले भौंरभाँवरैं भरैंगे चहूं फूलि फूलि किंशुकजकैसे रहिजायहैं । द्विजदेवकी सों वह कूजनि बिसारि कूर कोकिल कलङ्की ठौरठौर पछिताय हैं । आवत बसन्त के न ऐहैं जोपै श्याम तोपै बावरी बलाय सों हमारेहू उपायहैं । पीहैं पहिलेहीते हलाहल मँगाय या कला-

निधिकी एकोकला चलन न पायहैं ८५ बिकसी बसन्तिका सुगन्ध भरी शिवकवि औरैढङ्ग भये बन कुञ्ज की अलीनके। कोकिल के कल कल कल नहिं देत पल चारोंओरशोर सखि सुनिये अलीनके। ऐसीसमै मानप्रानपतिसों न कीजियेरी मेटिबेको मान मानजीकी अवलीनके। देखो रतिराज काज ऋतुराज कारीगर गुरूजबनाये हैं गुलाब की कलीन के ८६ कोकिलन खोजिन को सङ्गलै अनेकफिरैं चारोंओर प्यारी बिरही जनके खोजको। यातेहैं। कहति चलुप्यारे सुखदानपास तजिकै अयान दूरकैरीमान सौजको। मणिदेव भनत रसालन के बौरनके भौंरन ये सोहत धरे हैं महाओज को। दायक बयथारी ऋतुनायक लिये हैं बर घायक परमदीवे शायक मनोजको ८७ बोलैं लगीं कोयलैं औ कोकिला कलोलैंलगीं डोलि डोलि सुखद समीर लागयो परसैं। फूले द्रुम पुञ्जन पैं गुञ्जन मधुपलागे मंजुफूल वृन्दलागे मकरन्द बरसैं। शेखर धमारिन की धूमसी मचन लागी मैन लागयो नचन नवेली नेहसरसैं। कन्त बिन कैसे अन्तधीरज धरैंगी आली मानगढ़ अन्तक बसन्तलागोदरसै ८८ तारे जहाँ सुभट नगारे पिकनादतहाँ पैदलचकोर कोरबांधे बंद बेशकी। गुञ्जरत भौंर पुञ्ज कुञ्जरत मोर जहाँ पौन झकझोर घोर धमक हमेशकी। भनत कवीन्द्रसरफौज़ है बसन्तआली मिलेतन्त कन्तसो मनोजमान बेशकी। मानवारीगढ़ी पै गुमानढाइबेको बढ़ी चढ़ीहै सवारी

या निशाकर नरेशकी ८९ मदमतवारे भारे भौंरगज गुञ्जरत मुनिजन देखि गीतगावत उमाहके। कोकिल नकीब बोल करत कलोल आगे पौनहरकारे आली छूटे चित्तचाहके। मोहन सुकविजीति शिशिरतगीर कीन्हे बशकरि लीन्हे देशरहेना निबाहके। यहजिय जान मान करना गुमान आली डेरापरे बागन बसन्त बादशाहके ९० बोलि कै मलिन्दवृन्द करखा सुनावैं शोर दुन्दुभी धुकार बोलैं कोकिला अगाहके। बन्दीजन बिरद पपीहा बोलैं बार बार खोलैं खुशबोई तरु सुमन अबाहके। चटकैं गुलाब चहूंओर ते चटाचटकै मानो जंगजीति बाढ़िदागत सिपाहके। परीहै पुकार बिरहीनिन के द्वारद्वार डेरेपरे बागन बसन्त बादशाह के ९१ शोरसहकार शीशबौरनके तौरकरे मोरन की बागी बेशबाजे रतिनाह की। परिभृत बन्दीजन बेहद बिरदबोलैं झंझापौन ढाढ़ीलखि बाढ़ीपीर दाहकी। कहै प्रहलाद कवि किंशुक त्रिशूल फूल शूलउपजावैं कहागति है निबाहकी। बिरही बचैंगेकैसे चाहकरि अन्तहेत चढ़ी फौज प्रबल बसन्त बादशाहकी ९२ कूकि कूकि कोकिल कठिन आंच फूंकैलगे दरपभभकैलगे दमकन दाहके। डोलि डोलि त्रिबिध समीर बीर तीखे तीर भोरैलगे साहस सिखाये नेह नाहके। कविसरदार लागे काढ़न बिसासी बौर तौर लागे चढ़न चहूंघा चितचाहके। रोज रोज बढ़न सरोजन के शोशभौंर ओजलागे पढ़न मनोज बादशाहके ९३

आयो ऋतुराज महाराज महिमण्डलमें तेहिकी दपट आगे शिशिर हिमन्त को। दुन्दुभी धुकार डफतालहू को भुनकार मेरे जान घंटाहै मदन मय मन्तको। कवि हरिजन कहै प्यारी परबीन सुनो याको तौ बचाव है मिलन एक कन्त को। पूरण प्रताप दिन प्रभुता बढ़त आवै कोकिला पढ़त आवै बिरद बसन्तको ९४ बल्लीको बितान मल्लीदल को बिछौना मञ्जु महलनि-कुञ्जहै प्रमोद बन राजको। भारीदरबार भयो भौंरन को भीर बैठ्यो मदन दिवान इतमास कामकाज को। पण्डित प्रवीण तजि माननी असानगढ़ हाजिर हुजूर सुनिकोकिल अवाजको। चोपदार चातक बिरदबढ़ि बोलैं दर दौलत दराज महराज ऋतुराजको ९५ लसत कुरञ्जबन चम्पक पलाश बन फूलीं सबशाखा जेहरत्ति जनचित्तहैं। श्वेत पीतलाल फूल जालहैं विशाल तहां आछे अलि अछर जे काजरके सित्तहैं। सेनापति माधव महीना भरि नेमकरि बैठे द्विज कोकिल करत घोषनित्तहैं। कागदरँगीनमें प्रवीनहै बसन्तलिखेमानो कामचक्कवै के बिक्रम कबित्त हैं ९६ फूल फरमान छाप छपद दुहाई बास नूतन राजसाज रेणु तम्बूदै पशेरीहै। केकी कारकून पिकबानी चिठिआई जमा बिरह बढ़ाई छबि रैयत मरोरी है। शीतल बयारि बाद सापिरूप लीनोहेरी उपज हमारे हरि ध्यान जो घरोरीहै। आयोहै बसन्त व्रजलायो है लिखाय शोय जोन्हको जलेबदार कामको करोरीहै ९७ बैठ्यो बन

